उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या :82/2016/1063/छप्पन-2016-38/2014
लखनऊ : दिनांक : 19 अक्टूबर, 2016

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई में वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री कन्हैया लाल गुप्ता को कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 1285/छप्पन-2014-24/2006 टी0सी0, दिनांक 31.7.2014 द्वारा रूपये 1,75,000/- (रूपये एक लाख पिचहत्तर हजार मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष (दो वर्ष) की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री गुप्ता द्वारा दिनांक 01.9.2014 के पूर्वान्ह में अपना योगदान निदेशालय में प्रस्तुत किया गया। श्री गुप्ता की संविदा अवधि दिनांक 31.8.2016 को समाप्त हो रही है तथा शासनादेश दिनांक 9.9.2014 में विहित व्यवस्था के अनुसार श्री गुप्ता का वर्तमान नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 1,83,750/- है। निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री गुप्ता के पास राजकीय फ्लीट में सम्मिलित किंग एयर बी-200 जी0टी0 वायुयान तथा अगुस्ता ए-109 एस हेलीकॉप्टर पर एवियानिक्स लाइसेन्स है और उनके द्वारा उक्त वायुयान/हेलीकॉप्टर का अनुरक्षण एवं सर्टीफिकेशन का कार्य किया जाता हैा संविदा अवधि के दौरान इनका कार्यकाल संतोषजनक रहा है तथा श्री गुप्ता निदेशालय के लिए एक उपयोगी अभियन्ता है और इनकी सेवाओं की आगे भी आवश्यकता है। उक्त के दृष्टिगत श्री राज्यपाल श्री कन्हैया लाल गुप्ता, वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) की संविदा अवधि दिनांक 01.9.2016 से अग्रेत्तर 02 वर्ष अर्थात दिनांक 31.8.2018 तक नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 1,83,750/- (रूपये एक लाख तिरासी हजार सात सौ पचास मात्र) पर बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री कन्हैया लाल गुप्ता को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक तथा शासनादेश दिनांक 9.9.2014 के अन्तर्गत विहित प्रावधानुसार वार्षिक वेतन में 5 प्रतिशत के वृद्धि के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तों के अधीन रहते हुए उन संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती हैं। वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम- 157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भाँति अवकाश देय होगा।

--- 2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- श्री कन्हैया लाल गुप्ता से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

एस0के0 रघुवंशी
सचिव।

श्री कन्हैया लाल गुप्ता,
वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स)
नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

संख्या : 82/2016/1063(1)/छप्पन-2016 तददिनांक ।

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि श्री कन्हैया लाल गुप्ता, वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- कार्मिक अनुभाग-1
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।